2 फरीदाबाद
कराधान विभाग का घोटाला खुलने के बाद एमसीएफ पर भी उठ रहे सवाल

6 अभिमत
लाभकारी है स्कूलों में एनिमेशन का प्रयोग

9 देश-विदेश
लाखों युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र, आठ करोड़ युवा पहली बार उद्यमी बने : मोदी

11 फीचर
श्रीलंका में एक जून से बंद हो जाएगा सिंगल यूज प्लास्टिक

RNI NO. HARHIN/2018/75

फरीदाबाद, मंगलवार, 21 फरवरी, 2

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




हार्दिक पंड्या पहली बार वनडे टीम की कप्तानी करेंगे

पेज - 12

# एंटरप्रेन्योरशिप फॉर गर्ल सेल पर सेमिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** कॉलेज बल्लभगढ़ के 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर गर्ल सेल' द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का विषय था हाइजीन, जोकि वर्तमान समय की मांग है क्योंकि आए दिन बहुत सारी नारी समस्याएं बढ़ती जा रही है। यह सेमिनार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि शरीर को स्वस्थ व स्वच्छ रखना हर इंसान का प्राथमिक कार्य है। सोनिया तनेजा के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का आयोजन छात्राओं को मासिक धर्म के समय होने वाले समस्याओं से निपटारा दिलाने के लिए और किन-किन सावधानियों का छात्राओं को उस समय ध्यान रखना चाहिए से जागरूक करने के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सोनिया तनेजा (योर्स सेनेटरी पैड) एनजीओ से उपस्थित थी। सोनिया तनेजा ने मासिक धर्म की महत्वता और सही सेनेटरी पैड प्रयोग की उपयोगिता के बारे में अवगत कराया। उन्होंने महाविद्यालय को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन भी उपहार के रूप में दी जिससे छात्राएं में लाभान्वित होंगी। उन्होंने एक डेमो के माध्यम से छात्राओं को बायोडिग्रेडेबल सेनेटरी पैड की विशेषताएं बताते हुए उसकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्य के साथ-साथ स्वयं को स्वच्छ व स्वस्थ रखने से मन प्रसन्न चित्त रहता है जिससे कार्य क्षमता बढ़ती है ।



**प्रिंसीपल को सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन उपहार में देते संस्था के सदस्य।**